# AG-1058

B.A. (Part - II)
Term End Examination, 2018-19

Paper - II

Hindi Literature

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 7×3

(क) एक टका दो हम सभी अपनी जात बेचते हैं। टके के वास्ते ब्राह्मण से धोबी हो जायें और धोबी को ब्राह्मण कर दें, टके के वास्ते जैसी कहो वैसी व्यवस्था दें। टके के वास्ते झूठ को सच करें। टके के वास्ते ब्राह्मण से मुसलमान, टके के वास्ते हिन्दु से क्रिस्तान। टके के वास्ते धर्म और प्रतिष्ठा दोनों बेचें, टके के वास्ते झूठी गवाही दें। टके के वास्ते, पाप को पुण्य मानें, टके के वास्ते नीच को



https://www.abvvonline.com



भी पितामह बनावें। वेद, धर्म, कुल, मर्यादा, सच्चाई, बड़ाई सब टके सेर। लुटाई दिया अनमोल माल। ले टके सेर।

**अथवा**

अन्धेर नगरी अनबूझ राजा। टकासेर भाजी टकासेर खाजा।
ऊँच नीच सब एकहिं ऐसे। जैसे भड़ुए पंडित तैसे।
कुल मरजाद न मान बड़ाई। सबै एक से लोग लुगाई।
जात पात पूछै नहि कोई। हरि को भजै सो हरि का होई।
वेश्या जोरू एक समाना। बकरी गऊ एक करि जाना।
साँचे मारे मारे डोलै। छलि दुष्ट सिर चढ़ि चढ़ि बोलै।

(ख) जिन्दगी उससे ज्यादा बीत चुकी है। देखती हो यह अंधेरा? कितना डरावना। कितना खौफनाक! दुनिया को अपने स्याह परदे में लपेटे हुए है। गोया यह हमारी जिन्दगी हो! इसमें कभी सुबह नहीं होगी, जीनत? अगर होगी भी तो वह इसके काले समुन्दर में डूब जायेगी। इस अंधेरे में सूरज भी निकले तो वह स्याह हो जायेगा (रुककर) ओह कितना अंधेरा है, खुदा! हमने तेरा नाम लेकर सल्तनत

https://www.abvvonline.com

पर कब्जा किया, तेरा नाम लेकर औरतों और बच्चों को कैद किया, वे सब तेरे बच्चे! तेरे बंदी पर ऐतबार नहीं किया। तेरा नाम लेकर कुरान की कसम खाकर मुराद ..... भाई मुराद से सुलह की और फिर ..... और फिर उसका खून।

***अथवा***

भाईजान, शादी एक गहरी समस्या है, आप उसके साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। मैं पुछता हूँ आप फैक्ट्री में तो हर तरह का विज्ञान, कानून, विशिष्ट ज्ञान लगाते हैं, फिर क्या कारण है कि जीवन को ऐसे परमात्मा के भरोसे छोड़ दिया जाए कि उसमें आदमी की सस्ती से सस्ती और निकम्मी से निकम्मी शक्तियाँ ही सिर्फ काम में लायी जाएँ। आप कहते हैं मैं औरत को समझ नहीं पाता। जनाव, यह सब कोरी बातें हैं, बातें समझने की क्या जरूरत है? मशीन की एक पुली दूसरी पुली को नापने, जोखने, समझने नहीं जाती। स्त्री-पुरुष तो जीवन की मशीन के दो पुरजे हैं।

(ग) सामाजिक जीवन में क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है। यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाये जाने वाले बहुत से कष्टों की चिरनिवृत्ति का उपाय ही न कर सके।



https://www.abvvonline.com



कोई मनुष्य किसी दुष्ट के नित्य दो-चार प्रहार सहता है। यदि उसमें क्रोध का विकास नहीं हुआ है तो वह केवल आह उह करेगा जिसका उस दुष्ट पर कोई प्रभाव नहीं। उस दुष्ट के हृदय में विवेक, दया आदि उत्पन्न करने में बहुत समय लगेगा। संसार किसी को इतना समय ऐसे छोटे-छोटे कामों के लिए नहीं दे सकता। भयभीत होकर प्राणी अपनी रक्षा कभी-कभी कर लेता है, पर समाज में इस प्रकार दुःखनिवृत्ति चिरस्थायिनी नहीं होती।

***अथवा***

मेरे लिए अमराई स्मृति नहीं है, साक्षात्कार है जीवन की वास्तविक सार्थकता का, यंत्र चालित संचार में चल-फिर रहा हूँ, भूख और नींद तक सूरज के ऊपर आने या ढलने से नियंत्रित न होकर घड़ी से नियंत्रित हो गई है। पर तो भी स्वयं यंत्रबद्ध नहीं हो पाया, इसका कारण एकमात्र मन पर छाया हुआ अमराई का साक्षात्कार है। मेरे लिए अमराई किसी दूर अतीत को चोरीछिपे की गई प्रणयलीला की स्थली नहीं थी, इसलिए उस रूप में आज न रहकर वह कांकरी चुनने की जगह भी नहीं है। वह मेरे लिए पहले भी जीवन के स्वीकार की वृत्ति थी और आज भी है।

https://www.abvvonline.com

2. भारतेंदु द्वारा लिखित 'अंधेर नगरी' नाटक की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए। 8

***अथवा***

नाटक एवं एकांकी में अन्तर लिखिए।

3. मम्मी ठकुराईन एकांकी के आधार पर सिद्ध कीजिए कि ठकुराईन प्राचीन भारतीय संस्कृति की नारी के आदर्शों का प्रतिनिधित्व करती है। 8

***अथवा***

भुवनेश्वर द्वारा विरचित एकांकी 'स्ट्राइक' की संवाद योजना पर प्रकाश डालिए।

4. क्रोध के विषय में आचार्य शुक्ल जी के विचारों को अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए। 8

***अथवा***

बाबू गुलाब राय के निबंध 'काव्येषु नाटकम् रम्यम्' का सारांश लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 5×3

(क) हबीब तनवीर का नाट्यकला को योगदान।

(ख) राजनाथ का चरित्र चित्रण।



https://www.abvvonline.com



(ग) महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय।

(घ) 'औरंगजेब की आखिरी रात' का उद्देश्य।

(ङ) 'अंधेर नगरी' नाटक में संवाद योजना।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×15

(क) हिन्दी के प्रथम नाटक का नाम लिखिए।

(ख) जीनत किस एकांकी की पात्रा हैं?

(ग) 'रेशमीटाई' के एकांकीकार का नाम लिखिए।

(घ) एकांकी किसे कहते हैं?

(ङ) श्रीचंद किस एकांकी का पात्र है?

(च) ठकुराईन के पति का नाम लिखिए।

(छ) दस हजार एकांकी सामाजिक है या राजनीतिक?

(ज) 'काव्येषु नाटकम् रम्यम्' के निबंधकार का नाम लिखिए।

(झ) सेठ विशाखाराम के पुत्र का नाम लिखिए।

(ञ) जीवन के यथार्थ का चित्रण, आपके पाठ्यक्रम के किस एकांकी में मिलता है?



https://www.abvvonline.com

(ट) सरस्वती पत्रिका के संपादक का नाम लिखिए।

(ठ) 'कछुआ धर्म' निबंध के निबंधकार का नाम लिखिए।

(ड) हबीब तनवीर का जन्म कहाँ हुआ था?

(ढ) रूस में 25 मास के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ण) हरिशंकर परसाई की रचनाएँ किसमें संकलित हैं?

(त) 'अशोक के फूल' के निबंधकार का नाम लिखिए।

(थ) आपके पाठ्यपुस्तक के प्रधान संपादक का नाम लिखिए।

(द) महादेवी वर्मा का जन्म कहाँ हुआ था?

———

https://www.abvvonline.com